भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2198

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 09 दिसंबर, 2024

18 अग्रहायण,1946 (शक)

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से नानी दमण में निर्माण की अनुमति

2198. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र दादरी और नागर हवेली और दमण और दीव के नानी दमण के संरक्षित क्षेत्र में सचिवालय, जिम भवन का निर्माण किया जा रहा है और प्रशासक के आवास, पुराने जिलाधिकारी कार्यालय का नवीनीकरण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में दी गई निविदा तथा कार्य आदेश और संबंधित विभाग से मांगी गई अनुमति / स्वीकृतियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुमति मांगी गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी संगत दस्तावेजों सहित इसका ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): मोती दमन(संघ राज्य क्षेत्र) स्थित प्रतिषिद्ध क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन(संघ राज्य क्षेत्र) द्वारा अपने काम-काज के लिए उपयोग में लाए जाने वाले भवनों में कुछ निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

मोती दमन(संघ राज्य क्षेत्र) में सरकारी आवास की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए दिनांक 12.01.2022 को सक्षम प्राधिकारी, दमन एवं दीव द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

उल्लंघन के किसी नोटिस पर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई करता है।

*****